# न्यायालय उपखण्ड़ अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)

## पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2025/355
दायरा तिथि : 01.07.2025
आदेश तिथि : 17-09-2025

प्रार्थी :–

सतीश कुमार पुत्र मोतीलाल देवासी निवासी बेडा तहसील बाली

ब ना म

अप्रार्थीगण :–

1. आनंद कुमार पुत्र भंवरलाल
2. कारूल कुमार पुत्र पोपटलाल
3. पोपटलाल पुत्र करतुरचंद
4. राजेश कुमार पुत्र भंवरलाल जातिगण जैन निवासीगण बेडा तहसील बाली

उपस्थितिः–

श्री ओमप्रकाश दवे ..................................अधिवक्ता प्रार्थी की ओर से

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

आदेश दिनांकः 17-09-2025

प्रार्थी ने निर्धारित प्ररूप में आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम बेडा ।। पटवार हल्का बेडा ।। तहसील बाली के खसरा नंबर 3202 रकबा 4.1500 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम बेडा ।। पटवार हल्का बेडा ।। तहसील बाली के खसरा नंबर 5067/3196 रकबा 8.0000 हैक्टर में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा मे लाल रंग से दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एवं इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे निरीक्षक भू–अभिलेख बेडा को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार बाली ने जांच कर अपने कार्यालय पत्रांक राजस्व/2025/2410 दिनांक 01.08.2025 से जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की। तहसीलदार बाली की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. आवेदक की धारित भूमि में आवागमन के लिये राजस्व रेकर्ड में कोई रास्ता उपलब्ध नहीं है। पडौस में ही स्थित खातेदारी भूमियों से आवेदक आना जाना करता है।
2. यह है कि प्रतावित रास्ता ही एकमात्र निकटतम विकल्प है। इससे कम दूरी का रास्ता मौके पर उपलब्ध नहीं है।
3. यह है कि रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5067/3196 | 8.00 हैक्टर | बारानी अव्वल | 193X09=1737 वर्गमीटर | आनंद कुमार पुत्र भंवरलाल हि0 1/4 वगैरा |

4. यह कि निरीक्षक भू–अभिलेख बाली द्वारा प्रस्तावित भूमि की डी.एल.सी. दर 3,80,000/– रूपये प्रति हैक्टर है।
5. यह है कि प्रस्तावित रास्ते हेतु उपयोग में आने वाले भू–भाग पर निर्माण कार्य, वृक्ष या अन्य कोई क्षति नहीं है।

प्रकरण मे तहसीलदार बाली द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी की मांग अनुसार रास्ता दिये जाने बाबत अनुशंषा की गई। अप्रार्थीगण को नोटिस जारी किये गये। अप्रार्थीगण बावजूद सूचना के न्यायालय में वकालतन/असालतन अनुपस्थित रहने से इनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई। वकील प्रार्थी की एकपक्षीय बहस सुनी गई।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

सहायक कलक्टर एवं मजि. उपखण्ड अधिकारी, बाली

पेज लगातार..........02

Scanned with CamScanner

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2025/355**

अनवान सतीश बनाम आनंद

*अंतर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955*

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् यह जाहिर है कि आवेदक की खातेदारी भूमि ग्राम बेडा ।। पटवार हल्का बेडा ।। तहसील बाली के खसरा नंबर 3202 रकबा 4.1500 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई रास्ता वर्तमान में उपलब्ध नहीं होने से तहसीलदार बाली द्वारा जांच के पश्चात् नया रेकर्डेड रास्ता प्रस्तावित किया गया है।

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमॉक:प.3(52) राज–6/12/4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो/शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम बेडा ।। पटवार हल्का बेडा ।। तहसील बाली के खसरा नंबर 3202 रकबा 4.1500 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प/रास्ता उपलब्ध नही होने से अप्रार्थीगण की भूमि ग्राम ग्राम बेडा ।। पटवार हल्का बेडा ।। तहसील बाली के खसरा नंबर 5067/3196 रकबा 8.0000 हैक्टर में से **1737 वर्गमीटर** रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत** नक्शा मौका के अनुरूप **उपलब्ध कराये जाने के आदेश** दिये जाते है।

राजस्व रेकार्ड में इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :–

| खसरा नंबर | रकबा हैक्टर में | रास्ते के लिये प्रभावित क्षेत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व.मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 3,80,000/–रूपये प्रति हैक्टेयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 5067/3196 | 8.00 हैक्टर | 193X09=1737 वर्गमीटर | 38 | 66006X2=132012 | 1. आनंद कुमार पुत्र भंवरलाल हि0 1/4<br>2. कारूल कुमार पुत्र पोपटलाल हि0 1/4<br>3. पोपटलाल पुत्र कस्तुरचंद हि0 1/4<br>4. राजेशकुमार पुत्र भंवरलाल हि0 1/4<br>जातिगण जैन निवासीगण बेडा।। |

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

प्रस्तावित रास्ता में अन्य कोई क्षति यथा निर्माण/वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार राशि 132012/– (अक्षरे एक लाख बत्तीस हजार बारह रूपये मात्र) रूपये आवेदक द्वारा बतौर प्रतिकर राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। तहसीलदार बाली द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड में बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता** दर्ज करेंगे।

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा मे तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(दिनेश बिश्नोई)
**सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी,बाली**
उपखण्ड अधिकारी बाली
दिनांक : 19/07/25

क्रमॉक/कोर्ट/2025/1258-1262

**प्रतिलिपि** निम्नांकित को पालनार्थः–

1. तहसीलदार, बाली निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि अमानत मद तथा राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि संबंधित मद में जमा की सुनिश्चितता करें।
2. निरीक्षक भू0अ0 बेडा
3. पटवारी हल्का, बेडा ।।
4. तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली
5. आवेदक सतीश कुमार पुत्र मोतीलाल देवासी निवासी बेडा तहसील बाली को सूचनार्थ।

**सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी,बाली**

**सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी,बाली**


Scanned with CamScanner

राजस्थान सरकार NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि) दिनांक : 16/07/2025 01:59:25 PM

जिला : पाली तहसील : बाली भू. अ. नि. क्षेत्र : बेडा

पटवार हल्का : बेडा II ग्राम : बेडा II




Scale 1:4000

खसरा संख्या :5067/3196 क्षेत्रफल : 8.0000 Hectare खाता संख्या : 708पुराना खाता संख्या :317

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बारानी अव्वल [ 8.0000, 56.00 ]

1.) आनंदकुमार पुत्र भंवरलाल हिस्सा- 1/4 जाति- जैन सा. देह खातेदार

2.) कारुलकुमार पुत्र पोपटलाल हिस्सा- 1/4 जाति- जैन सा. देह खातेदार

3.) पोपट लाल पुत्र कस्तुरचंद हिस्सा- 1/4 जाति- जैन सा. देह खातेदार

4.) राजेशकुमार पुत्र भंवरलाल हिस्सा- 1/4 जाति- जैन सा. देह खातेदार

ILR Beda 16/7/25

तहसीलदार, बाली

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें।

Scanned with CamScanner